देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 15 अंक: 140 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार-प्रवाह...
असमानता का नतीजा



# पेज श्री

देहरादून, बुधवार, 2 सितंबर 2020



PAGE 3 PUBLICATION

मौसम अधिकतम $29.0^0$ न्यूनतम $24.0^0$

38040.57

2 सीमांकन नहीं होने से परेशानी: चीन

7 क्रिकेट खेलने आए हैं, मस्ती के लिए नही

# चकमा खाकर बौखला गया चीन

## भारत में चीनी दूतावास के प्रवक्ता ने भारत पर आरोप लगाए

■भारतीय सैनिकों ने 31 अगस्त को एलएसी पार किया है: रॉन्ग

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। पूर्वी लद्दाख में अतिक्रमण करने की ताजा कोशिश नाकाम रहने से चीन बुरी तरह बिलबिला उठा है। अब वह उल्टे भारत पर समझौतों के उल्लंघन करने का आरोप मढ़ने लगा है। भारत में चीन के दूतावास ने अपने विदेश मंत्रालय का राग अलापते हुए कहा है कि भारतीय सैनिकों ने 31 अगस्त को वास्तविक नियंत्रण रेखा का अतिक्रमण कर लिया।

ध्यान रहे कि भारतीय सेना ने सोमवार को ही चीन की हरकतों से पर्दा उठा दिया था। सेना की तरफ जारी बयान में कहा गया था, भारतीय सेना ने पेंगोंग त्सो एरिया में चीन के आक्रामक रवैये को लेकर बताया कि 29 और 30 अगस्त की दरम्यानी रात को पीएलए के सैन्य दलों ने उस सहमति का उल्लंघन किया जो पूर्वी लद्दाख में जारी तनाव के दौरान सैन्य एवं कूटनीतिक बातचीत के दौरान बनी थी। चीनी सैनिकों ने यथास्थिति को बदलने के लिए उकसावे की सैन्य गतिविधियां कीं।

**भारत पर सीमा पर तनाव पैदा करने का आरोप:** चीनी दूतावास के प्रवक्ता ने कहा, भारतीय सैनिकों ने अतिक्रमण करने के बाद उकसावे की कार्रवाई की जिससे सीमाई इलाकों में फिर से तनाव की स्थिति पैदा हो गई है। रॉन्ग ने झूठे आरोपों की बौछार करते हुए कहा कि भारत ने चीन की क्षेत्रीय संप्रभुता को चुनौती दी है। उन्होंने कहा, भारत के इस कदम से चीन की क्षेत्रीय संप्रभुता का घोर उल्लंघन हुआ है। इसने दोनों देशों के बीच हुए संबंधित समझौतों, प्रोटोकॉल्स और महत्वपूर्ण सहमतियों की गंभीर अवहेलना की है।

### एलएसी पार कर गए भारतीय सैनिक: चीन

पूर्वी लद्दाख के पेंगोंग त्सो झील के पास हुई सैन्य हलचल को लेकर एक सवाल के जवाब में दूतावास के प्रवक्ता जी रॉन्ग ने कहा, 31 अगस्त को भारतीय सैन्य दलों ने चीन और भारत के बीच बहुस्तरीय बातचीत के दौरान बनी सहमतियों की अवहेलना करते हुए पेंगोंग त्सो लेक के दक्षिणी छोर और रेकिन पास के करीब एलएसी का अतिक्रमण किया। रेकिन दर्रा चीन-भारत सीमा का पश्चिमी इलाका है।



इतना ही नहीं, उन्होंने भारत पर सीमाई इलाकों में शांति और स्थिरता का माहौल बिगाड़ने का भी आरोप जड़ दिया। भारत के कदम से चीन-भारत के सीमाई क्षेत्रों में शांति और स्थिरता को नुकसान पहुंचा है। भारत की कार्रवाई जमीन पर हालात सामान्य बनाने की दिशा में दोनों तरफ से लंबे समय से किए जा रहे प्रयासों के विपरीत है और चीन इसका पुरजोर विरोध करता है। चीनी दूतावास के प्रवक्ता ने आगे कहा, चीन ने भारतीय पक्ष के सामने अपनी बात रखी है और आग्रह किया कि वो सीमा पर अग्रिम पंक्तियों में तैनात अपने सैनिकों को नियंत्रित रखे और उन्हें संयम बरतने को कहे।

**चीन की भारत से अपील:** उन्होंने कहा कि भारत से विभिन्न समझौतों के तहत किए गए वादों को निभाने की अपील की गई है। रॉन्ग ने कहा, श्भारत को उकसावे की कार्रवाई तुरंत रोकने, अवैध रूप से एलएसी पार करने वाले सैनिकों को वापस बुलाने और ऐसी कोई भी कदम नहीं उठाने का आग्रह किया है जिससे तनाव बढ़े और स्थितियां और पेचीदा हो जाएं।

### साथ में डांस करें ड्रैगन और हाथी

चीन के विदेश मंत्री वॉन्ग यी ने कहा कि इन मुद्दों को द्विपक्षीय संबंधों में सही से रखना चाहिए और कहा कि चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कई बार मुलाकात कर अहम सहमति बनाई है। उन्होंने कहा, ड्रैगन और हाथी के एक-दूसरे से लड़ने की जगह, ड्रैगन और हाथी को साथ में डांस करना चाहिए।

# अलविदा....प्रणब दा!

## पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी का अंतिम संस्कार लोधी रोड स्थित श्मशान घाट पर हुआ। बेटे अभिजीत मुखर्जी ने उन्हें अंतिम विदाई दी। कोरोना वायरस के चलते, उनके पार्थिव शरीर को गन कैरिज के बजाय वैन में श्मशान तक ले जाया गया। कंधा देने वालों ने पीपीई किट पहन रखी थी। उन्हें अंतिम विदा देने श्मशान घाट पहुंचे लोग भी सेफ्टी इक्विपमेंट्स पहने हुए थे। मुखर्जी को पूरे सैन्य सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई। इससे पहले, मुखर्जी के सरकारी निवास 10, राजाजी मार्ग पर उनके पार्थिव शरीर को रखा गया। जहां राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और तीनों सेनाओं के प्रमुखों समेत कई वीआईपी ने उनके अंतिम दर्शन किए।

**श्रद्धांजलि देने वालों का लगा तांता:** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल बिपिन रावत, थल सेना अध्यक्ष जनरल एम एम नरवणे, वायु सेना प्रमुख आर के एस भदौरिया, नौसेना प्रमुख करमबीर सिंह सहित अन्य प्रमुख हस्तियों ने भी मुखर्जी को श्रद्धांजलि अर्पित की। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण और हर्ष वर्धन, कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी, भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी के महासचिव डी राजा ने भी दिवंगत नेता के दर्शन किए और उन्हें श्रद्धांजलि दी।

### पंचतत्व में विलीन

■पीपीई किट में पहुंचे परिवार-रिश्तेदार

■31 अगस्त से 6 सितंबर तक सात दिवसीय राजकीय शोक का ऐलान



# नोटबंदी से ही शुरू हुई थी अर्थव्यवस्था की बर्बादी

## राहुल गांधी का जीडीपी को लेकर मोदी सरकार पर हमला

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने जीडीपी में भारी गिरावट को लेकर मंगलवार को सरकार पर निशाना साधा और दावा किया कि अर्थव्यवस्था की बर्बादी नोटबंदी से शुरू हुई थी और उसके बाद से एक के बाद एक गलत नीतियां अपनाई गईं। उन्होंने यह भी कहा कि मोदी सरकार भारत के भविष्य को खतरे में डाल रही है।

राहुल ने ट्वीट किया, जीडीपी -23.9 प्रतिशत हो गई। देश की अर्थव्यवस्था की बर्बादी नोटबंदी से शुरू हुई थी। तब से सरकार ने एक के बाद एक गलत नीतियों की लाइन लगा दी।नीट और जेईई परीक्षाओं को लेकर राहुल ने कहा कि मोदी सरकार भारत के भविष्य को खतरे में डाल रही है। उन्होंने कहा कि अहंकार की वजह से वे (केन्द्र सरकार) जेईई-नीट परीक्षार्थियों के साथ-साथ एसएससी और अन्य परीक्षा देने वालों की वास्तविक चिंताओं और मांगों की अनदेखी कर रहे हैं।

**मोदी जी, वो डिजास्टर स्ट्रोक थे!:** पार्टी के मुख्य प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला ने कहा, श्मोदी जी, अब तो मान लीजिए कि जिसे आपने श्मास्टरस्ट्रोकश कहा, वास्तव में वो श्डिजास्टर स्ट्रोकश थे! नोटबंदी, गलत जीएसटी, और देशबंदी (तालाबंदी)। गौरतलब है कि कोविड-19 संकट के बीच देश की अर्थव्यवस्था में चालू वित्त वर्ष 2020-21 की अप्रैल-जून तिमाही में 23.9 प्रतिशत की भारी गिरावट आयी है।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय ने पहली तिमाही के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के आंकड़े सोमवार को जारी किए। इन आंकड़ों में जीडीपी में भारी गिरावट दिखी है। सकल घरेलू उत्पाद में पिछले वर्ष 2019-20 की इसी तिमाही में 5.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी।

### प्रियंका ने भी बोला हमला

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने आरोप लगाया कि सरकार ने देश की अर्थव्यवस्था डुबो दी। उन्होंने ट्वीट किया, आज से 6 महीने पहले राहुल गांधी जी ने आर्थिक सुनामी आने की बात बोली थी। कोरोना संकट के दौरान हाथी के दांत दिखाने जैसा एक पैकेज घोषित हुआ। लेकिन आज हालत देखिए। जीडीपी -23.9 प्रतिशत तक गिर गई। बीजेपी सरकार ने अर्थव्यवस्था को डुबा दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### सीएम ने पत्रकार, युवा नेता आशुतोष मंमगाईं के निधन पर जताया शोक

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने पत्रकार, युवा नेता एवं गढ़वाल विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र नेता आशुतोष मंमगाईं के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति व शोक संतप्त परिवारजनों को धैर्य प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की।

### यूपी में वीकेंड लॉकडाउन खत्म

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

लखनऊ। यूपी में अनलॉक-4 की स्थितियों की समीक्षा करते हुए प्रदेश की योगी सरकार ने अब शनिवार और रविवार की जगह सिर्फ रविवार को प्रदेश में लॉकडाउन लगाने का फैसला किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाजार सुबह नौ बजे से रात्रि नौ बजे तक खुलेंगे। प्रदेश में बाजारों की साप्ताहिक बंदी सिर्फ रविवार के दिन कराई जाएगी। मंगलवार को लखनऊ में हुई उच्च स्तरीय बैठक के बाद सीएम योगी ने यह फैसला लिया है। सरकार के इस फैसले के बाद हफ्ते में 6 दिन लोगों को बाहर निकलने की छूट होगी। हालांकि रविवार के दिन लोगों को बाहर निकलने की इजाजत नहीं दी जाएगी।

### विवादित ढांचा विध्वंस केस में सीबीआई कोर्ट में सुनवाई पूरी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

अयोध्या। अयोध्या में विवादित ढांचा विध्वंस मामले की सुनवाई कर रही विशेष सीबीआई अदालत में सभी पक्षों की दलीलें, गवाही, जिरह सुनने के बाद मंगलवार को मामले की सुनवाई पूरी कर ली। मामले की सुनवाई की रहे न्यायाधीश बुधवार, दो सितंबर से अपना फैसला लिखना शुरू करेंगे। इससे पहले वरिष्ठ वकील मृदल राकेश, आईबी सिंह और महिपाल अहलूवालिया ने आरोपियों की तरफ से मौखिक दलीलें पेश की, इसके बाद सीबीआई के वकीलों ललित सिंह, आरके यादव और पी. चक्रवर्ती ने भी मौखिक दलीलें दीं। अभियोजन पक्ष सीबीआई आरोपियों के खिलाफ 351 गवाहों और लगभग 600 दस्तावेज प्रस्तुत कर चुकी है।

# देश में कोविड-19 के 69,921 नए मामले

## कुल संक्रमितों की संख्या 36,91,166 हुई

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। देश में कोरोना वायरस संक्रमण के 69,921 नए मामले सामने आए हैं जिसके बाद कुल संक्रमितों की संख्या 36,91,166 हो गई। वहीं अब तक स्वस्थ हुए मरीजों की संख्या मंगलवार को 28,39,882 हो गई। स्वास्थ्य मंत्रालय ने इसकी जानकारी दी।

स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार देश में स्वस्थ होने की दर 76.94 फीसदी हो गई। मंत्रालय की ओर से मंगलवार सुबह आठ बजे आंकड़ों के अनुसार पिछले 24 घंटे में 819 और मरीजों की मौत हुई जिससे मृतकों की संख्या बढ़कर 65,288 हो गई है। इसके अनुसार देश में संक्रमण से मृत्यु दर नीचे गिरकर अब 1.77 फीसदी है। आंकड़ों के अनुसार देश में फिलहाल 7,85,996 मरीजों का इलाज चल रहा है जो कि संक्रमण के कुल मामलों का 21.29 फीसदी है। देश में संक्रमण का आंकड़ा सात अगस्त को 20 लाख के पार जबकि 23 अगस्त को यह 30 लाख के पार हो गया था। आईसीएमआर के अनुसार 31 अगस्त तक 4,33,24,834 नमूनों की जांच हो चुकी है।

Are you Planning to make a Website or already have ?
If yes, then we are here to serve you

What we do

Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in